महाराणा प्रताप महाविद्यालय
18-1-24
ग्रन्थालय
जंगल धूसड़, गोरखपुर

# HND 304

# B.A. V^th^ SEMESTER EXAMINATION, 2023-24

## (हिन्दी)

## हिन्दी का राष्ट्रीय काव्य (द्वितीय)

AFFIX PRESCRIBED RUBBER STAMP

Date (तिथि) : ____________________

**Paper ID**
(To be filled in the OMR Sheet)

**1554**

अनुक्रमांक (अंकों में) :
Roll No. (In Figures) : | | | | | | | | | | | | | | |

अनुक्रमांक (शब्दों में) : ____________________

Roll No. (In Words) : ____________________

**Time : 1:30 Hrs.**
**समय : 1:30 घण्टे**

**Max. Marks : 75**
**अधिकतम अंक : 75**

**नोट : पुस्तिका में 50 प्रश्न दिये गये हैं, सभी प्रश्न करने होंगे। प्रत्येक प्रश्न 1.5 अंक का होगा।**

**Important Instructions :**

1. The candidate will write his/her Roll Number only at the places provided for, i.e. on the cover page and on the OMR answer sheet at the end and nowhere else.

2. Immediately on receipt of the question booklet, the candidate should check up the booklet and ensure that it contains all the pages and that no question is missing. If the candidate finds any discrepancy in the question booklet, he/she should report the invigilator within 10 minutes of the issue of this booklet and a fresh question booklet without any discrepancy be obtained.

**महत्वपूर्ण निर्देश :**

1. अभ्यर्थी अपने अनुक्रमांक केवल उन्हीं स्थानों पर लिखेंगे जो इसके लिए दिये गये हैं, अर्थात् प्रश्न पुस्तिका के मुख्य पृष्ठ तथा साथ दिये गये ओ०एम०आर० उत्तर पत्र पर, तथा अन्यत्र कहीं नहीं लिखेंगे।

2. प्रश्न पुस्तिका मिलते ही अभ्यर्थी को जाँच करके सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि इस पुस्तिका में पूरे पृष्ठ हैं और कोई प्रश्न छूटा तो नहीं है। यदि कोई विसंगति है तो प्रश्न पुस्तिका मिलने के 10 मिनट के भीतर ही कक्ष परिप्रेक्षक को सूचित करना चाहिए और बिना त्रुटि की दूसरी प्रश्न पुस्तिका प्राप्त कर लेना चाहिए।

1. राष्ट्रीय सांस्कृतिक काव्यधारा की विशेषता है–

(A) देशभक्ति एवं राष्ट्रीयता की भावना

(B) स्वतन्त्रता संग्राम के लिए उद्‌बोधन

(C) देश पर बलिदान हो जाने की भावना

(D) उपर्युक्त सभी

2. इनमें से कौन राष्ट्रीय काव्यधारा का कवि नहीं है–

(A) बालकृष्ण शर्मा 'नवीन'

(B) श्रीधर पाठक

(C) माखनलाल चतुर्वेदी

(D) रामधारी सिंह दिनकर

3. बालकृष्ण शर्मा 'नवीन' किस काव्यधारा के कवि हैं–

(A) प्रगतिवाद

(B) प्रयोगवाद

(C) राष्ट्रीय सांस्कृतिक काव्यधारा

(D) नई कविता

4. यदि होता किन्नर नरेश मैं राजमहल में रहता, सोने का सिंहासन होता सिर पर मुकुट चमकता।

उक्त काव्य पंक्तियाँ किस कवि की हैं ?

(A) सोहनलाल द्विवेदी की

(B) माखनलाल चतुर्वेदी की

(C) सुभद्रा कुमारी चौहान की

(D) द्वारिका प्रसाद माहेश्वरी की

5. "दिनकर अपने युग के सूर्य हैं" यह कथन है ?

(A) नन्द दुलारे बाजपेयी का

(B) नामवर सिंह का

(C) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल का

(D) आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी

6. बालकृष्ण शर्मा 'नवीन' का प्रथम काव्य संग्रह है–

(A) कुंकुम

(B) रश्मि रेखा

(C) अपलक

(D) कुरुक्षेत्र

7. 'हम विषपायी जनम के' किस विधा की रचना है–

(A) उपन्यास

(B) कहानी

(C) आत्मकथा

(D) काव्यसग्रंह

8. बालकृष्ण शर्मा 'नवीन' को 'पदम् भूषण' सम्मान मिला था–

(A) 1958 ई० में

(B) 1959 ई० में

(C) 1960 ई० में

(D) 1963 ई० में

9. 'विप्लव गायन' कविता के लेखक हैं–

(A) रामधारी सिंह 'दिनकर'

(B) बालकृष्ण शर्मा 'नवीन'

(C) सोहन लाल द्विवेदी

(D) गोपाल सिंह 'नेपाली'

10. 'कवि कुछ ऐसी तान सुनाओ,
जिससे उथल–पुथल मच जाए
एक हिलोर इधर से आए
एक हिलोर उधर से आए।'

काव्य पंक्ति के लेखक हैं –

(A) द्वारिका प्रसाद माहेश्वरी

(B) श्याम नारायण पाण्डेय

(C) माखनलाल चतुर्वेदी

(D) बालकृष्ण शर्मा 'नवीन'

11. "सतलुज व्यास चिनाब वितस्ता रावी सिंधु–तरंगवती
यहाँ गंगा माता यह यमुना गहर–लहर रस–रंगवती,
ब्रह्मपुत्र, कृष्णा, कावेरी वत्सला उत्तंग–मती
इनसे प्लावित देश हमारा, यह रसखान हमारा है।"

काव्य पंक्ति के लेखक हैं –

(A) गयाप्रसाद शुक्ल' सनेही'

(B) श्यामनारायण पाण्डेय

(C) बालकृष्ण शर्मा 'नवीन'

(D) द्वारिका प्रसाद माहेश्वरी

12. 'इस धरती पर लाना है,

हमें खींच कर स्वर्ग

कहीं यदि उसका ठौर–ठिकाना है।'

काव्य पंक्ति के लेखक हैं –

(A) रामधारी सिंह दिनकर

(B) बालकृष्ण शर्मा 'नवीन'

(C) सोहन लाल द्विवेदी

(D) श्याम नारायण पाण्डेय

13. 'कुछ धूमिल–सी कुछ उज्ज्वल–सी झिलमिल शिशिर–चाँदनी छाई।'

काव्य पंक्ति के रचयिता हैं–

(A) रामधारी सिंह 'दिनकर'

(B) सोहन लाल द्विवेदी

(C) बालकृष्ण शर्मा 'नवीन'

(D) इनमें से कोई नहीं

14. इनमें कौन–सी कविता बालकृष्ण शर्मा 'नवीन' की है–

(A) प्राप्तव्य

(B) कोटि–कोटि कंठों से निकली आज यही स्वरधारा है

(C) सदा चाँदनी

(D) उपर्युक्त सभी

15. 'प्रभा' और 'प्रताप' नामक पत्रिका का सम्पादन किया–

(A) माखनलाल चतुर्वेदी

(B) बालकृष्ण शर्मा 'नवीन'

(C) गयाप्रसाद शुक्ल 'सनेही'

(D) रामधारी सिंह 'दिनकर'

16. रामधारी सिंह 'दिनकर' को ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित किया गया–

(A) 1972 ई० में

(B) 1978 ई० में

(C) 1982 ई० में

(D) 1992 ई० में

17. "कलम, आज उनकी जय बोल

जला अस्थियाँ बारी–बारी

छिटकाई जिनने चिंगारी,

जो चढ़ गये पुण्यवेदी पर लिए बिना गर्दन का मोल।

कलम, आज उनकी जय बोल।"

काव्य पंक्ति के लेखक हैं –

(A) बालकृष्ण शर्मा 'नवीन'

(B) रामधारी सिंह 'दिनकर'

(C) सोहन लाल द्विवेदी

(D) श्याम नारायण पाण्डेय

18. "रे, रोक युधिष्ठिर को न यहाँ,

जाने दे उनको स्वर्ग धीर,

पर, फिदा हमें गांडीव–गदा,

लौटा दे अर्जुन–भीम वीर।"

काव्य पंक्तियों के लेखक हैं –

(A) बालकृष्ण शर्मा 'नवीन'

(B) सोहन लाल द्विवेदी

(C) रामधारी सिंह 'दिनकर'

(D) गोपाल सिंह नेपाली

19. रामधारी सिंह 'दिनकर' की रचना 'कुरुक्षेत्र' का मूल उद्देश्य है–

(A) युद्ध और शान्ति की समस्या पर चिन्तन

(B) महाभारत की कथा का पुनराख्यान

(C) शोषण का विरोध

(D) प्रतिशोध की भावना का चित्रण

20. रामधारी सिंह दिनकर को 'साहित्य अकादमी पुरस्कार' दिया गया था–

(A) 'कुरुक्षेत्र' के लिए

(B) 'रश्मिरथी' के लिए

(C) 'रसवंती' के लिए

(D) 'संस्कृति के चार अध्याय' के लिए

21. "खानों को मिलता दूध–वस्त्र, भूखे बालक अकुलाते हैं,

माँ की हड्डी से चिपक ठिठुर जाड़ों की रात बिताते हैं।" प्रसिद्ध काव्य पंक्ति के लेखक हैं –

(A) हरिवंशराय बच्चन

(B) बालकृष्ण शर्मा 'नवीन'

(C) रामधारी सिंह 'दिनकर'

(D) माखनलाल चतुर्वेदी

22. 'हारे के हरिराम' रचना है–

(A) दिनकर की

(B) बालकृष्ण शर्मा नवीन की

(C) सोहन लाल द्विवेदी की

(D) श्याम नारायण पाण्डेय की

23. इनमें से कौन–सी रचना दिनकर की नहीं है–

(A) सामधेनी

(B) उर्वशी

(C) शुद्ध कविता की खोज

(D) उर्मिला

24. इनमें से कौन–सा सम्मान दिनकर को प्राप्त नहीं हुआ है–

(A) ज्ञानपीठ पुरस्कार

(B) हिन्दी साहित्य अकादमी पुरस्कार

(C) व्यास सम्मान

(D) पद्म भूषण

25. 'विषपान' के रचनाकार हैं–

(A) बालकृष्ण शर्मा 'नवीन'

(B) सोहन लाल द्विवेदी

(C) गयाप्रसाद शुक्ल 'सनेही'

(D) गोपाल सिंह नेपाली

26. इनमें से कौन–सी रचना सोहनलाल द्विवेदी की है–

(A) भैरवी

(B) दूध बताशा

(C) कुणाल

(D) उपर्युक्त सभी

27. गणेश शंकर विद्यार्थी के पत्र 'प्रताप' का संपादन कार्य किस कवि ने किया था ?

(A) सोहन लाल द्विवेदी ने

(B) गोपाल सिंह नेपाली ने

(C) बालकृष्ण शर्मा नवीन ने

(D) द्वारिका प्रसाद माहेश्वरी ने

28. "स्वागत! जीवन के नवल वर्ष
आओ, नूतन–निर्माण लिए,
इस महा जागरण के युग में
जाग्रत जीवन अभिमान लिए।"

काव्य पंक्ति के लेखक हैं –

(A) रामधारी सिंह दिनकर

(B) गयाप्रसाद शुक्ल 'सनेही'

(C) सोहन लाल द्विवेदी

(D) बालकृष्ण शर्मा 'नवीन'

29. "अशेष रक्त तोल दो,

स्वतंत्रता का मोल दो,

कड़ी युगों की खोल दो,

डरो नहीं, मरो नहीं

बढ़े चलो, बढ़े चलो।"

काव्य पंक्तियों के लेखक हैं –

(A) रामधारी सिंह दिनकर

(B) सोहन लाल द्विवेदी

(C) गोपाल सिंह नेपाली

(D) श्याम नारायण पाण्डेय

30. "चल पड़े जिधर दो डग, मग में

चल पड़े कोटि पग उसी ओर।"

काव्य पंक्ति किस कविता की है –

(A) शहीद स्तवन

(B) हिमालय

(C) तुम्हें नमन

(D) इनमें से कोई नहीं

31. 'शिशुभारती', बालभारती' नामक बाल कविता संग्रह के रचनाकार हैं–

(A) बालकृष्ण शर्मा नवीन

(B) श्याम नारायण पाण्डेय

(C) गोपाल सिंह नेपाली

(D) सोहन लाल द्विवेदी

32. सोहन लाल द्विवेदी को भारत सरकार ने किस उपाधि से सम्मानित किया–

(A) पद्मश्री से

(B) पद्म भूषण से

(C) पद्म विभूषण से

(D) भारत रत्न से

33. 'युगावतार गांधी', 'खादी गीत', 'गाँवों में किसान', 'दांडीयात्रा' आदि गाँधीवादी कविताओं के रचनाकार हैं–

(A) दिनकर

(B) बालकृष्ण शर्मा 'नवीन'

(C) सोहनलाल द्विवेदी

(D) द्वारिका प्रसाद माहेश्वरी

34. इनमें से श्याम नारायण पाण्डेय की रचना है–

(A) जौहर

(B) तुमुल

(C) (A) और (B) दोनों

(D) इनमें से कोई नहीं

35. 'हल्दीघाटी' नामक कविता के लेखक हैं–

(A) श्यामलाल गुप्त 'पार्षद'

(B) श्याम नारायण पाण्डेय

(C) द्वारिका प्रसाद माहेश्वरी

(D) सोहनलाल द्विवेदी

36. "थाल सजाकर किसे पूजने
चले प्रातः ही मतवाले ?
कहाँ चले तुम राम नाम का
पीताम्बर तन पर डाले ?"

काव्य पंक्तियों के रचनाकार है –

(A) सोहनलाल द्विवेदी

(B) द्वारिका प्रसाद माहेश्वरी

(C) गयाप्रसाद शुक्ल 'सनेही'

(D) श्याम नारायण पाण्डेय

37. "उठो धरा के अमर सपूतो

पुनः नया निर्माण करो।

जन–जन के जीवन में फिर से

नई स्फूर्ति नव प्राण भरो।"

काव्य पंक्तियों के रचनाकार हैं –

(A) बालकृष्ण शर्मा 'नवीन'

(B) सोहनलाल द्विवेदी

(C) द्वारिका प्रसाद माहेश्वरी

(D) गोपाल सिंह नेपाली

38. बाल साहित्य के सन्दर्भ में विशेष रूप से उल्लेखनीय कवि हैं–

(A) रामधारी सिंह 'दिनकर'

(B) श्याम नारायण पाण्डेय

(C) द्वारिका प्रसाद माहेश्वरी

(D) बालकृष्ण शर्मा 'नवीन'

39. "इतने ऊँचे उठो कि जितना उठा गगन है

इतने शीतल बहो कि जितना मलय पवन है।"

काव्य पंक्ति के रचनाकार हैं –

(A) द्वारिका प्रसाद माहेश्वरी

(B) सोहनलाल द्विवेदी

(C) श्याम नारायण पाण्डेय

(D) बालकृष्ण शर्मा 'नवीन'

40. इनमें से द्वारिका प्रसाद माहेश्वरी की रचनाएं हैं–

(A) हम सब सुमन एक उपवन के

(B) वीर तुम बढ़े चलो

(C) इतने ऊँचे उठो

(D) उपर्युक्त सभी

41. 1977 ई० उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान लखनऊ द्वारा द्वारिका प्रसाद माहेश्वरी को दिया गया पुरस्कार था–

(A) भारत–भारती सम्मान

(B) हिन्दी गौरव सम्मान

(C) बाल साहित्य का सर्वोच्च पुरस्कार

(D) इनमें से कोई नहीं

42. गोपाल सिंह नेपाली का पहला संग्रह था–

(A) 'उमंग'

(B) पंचमी

(C) नवीन

(D) इनमें से कोई नहीं

43. गोपाल सिंह नेपाली ने इनमें से किन पत्रिकाओं का सम्पादन किया–

(A) रतलाम टाइम्स

(B) सुधा

(C) योगी

(D) उपर्युक्त सभी

44. इनमें से कौन–सी रचना गोपाल सिंह नेपाली की है–

(A) जय हनुमान

(B) 'रागिनी'

(C) धूप और धुआँ

(D) विनोबा स्तवन

45. 'पंक्षी' काव्य संग्रह के लेखक हैं–

(A) श्यामनारायण पाण्डेय

(B) रामधारी सिंह दिनकर

(C) सोहनलाल द्विवेदी

(D) गोपाल सिंह नेपाली

46. गोपाल सिंह नेपाली का जन्म हुआ था–

(A) बेतिया (बिहार)

(B) आगरा (उ०प्र०)

(C) ग्वालियर (म०प्र०)

(D) इनमें से कोई नहीं

47. गोपाल सिंह नेपाली की कविता है–

(A) नवीन कल्पना करो

(B) स्वतंत्रता का दीपक

(C) तू चिंगारी उड़कर री

(D) उपर्युक्त सभी

48. "घोर अंधकार हो, चल रही बयार हो,

आज द्वार–द्वार पर यह दिया बुझे नहीं।"

काव्य पंक्ति के लेखक हैं –

(A) श्याम नारायण पाण्डेय

(B) सोहन लाल द्विवेदी

(C) गोपाल सिंह नेपाली

(D) द्वारिका प्रसाद माहेश्वरी

49. "बीती गुलामियाँ न लौट आएँ फिर कभी,

तुम भावना करो, स्वतंत्र भावना करो।"

काव्य पंक्तियाँ किस कविता संग्रह की हैं–

(A) यह दिया बुझे नहीं

(B) नवीन कल्पना करो

(C) हिमालय और हम

(D) मेरा धन है स्वाधीन कलम

50. 'तू चिंगारी बनकर उड़ री, जाग–जाग मैं ज्वाल बनूँ।

तू बन जा हहराती गंगा, मैं झेलम बेहाल बनूँ।।

काव्य पंक्ति के लेखक हैं–

(A) सोहन लाल द्विवेदी

(B) द्वारिका प्रसाद माहेश्वरी

(C) गोपाल सिंह नेपाली

(D) बालकृष्ण शर्मा 'नवीन'

*****